कार्यालय प्रबन्ध निदेशक
लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड,
चारबाग ,लखनऊ।

पत्रांकः1955एलसीटी/25–स्टॉल–कैण्टीन ई–टेण्डर/25 दिनांकः17/05/2025

## टेण्डर/निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न बस स्टेशनों पर रिक्त कैण्टीन, टी–स्टॉल एवं अन्य खाद्य सामग्री, बिजनेस सेन्टर (फोटो कापियर इत्यादि), मिल्क पार्लर एवं ए0टी0एम0 हेतु भूखण्ड/दकान का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। रिक्त स्टालों का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | बस स्टेशन का नाम | कैण्टीन/स्टॉल का विवरण | स्टॉल हेतु आवंटित भूमि/दुकान का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | न्यूनतम आरक्षित मूल्य (प्रतिमाह कर सहित) | संचालन अवधि | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजाजीपुरम बस स्टेशन | 1– टी स्टाल एवं अन्य खाद्य सामग्री | 10 X10 भूमि | 11,800 | 3 वर्ष | रिक्त |
| | | 2– बिजनेस सेन्टर (फोटो कॉपीयर इत्यादि) | 10 X10 भूमि | 11,800 | 3 वर्ष | रिक्त |
| | | 3– मिल्क पार्लर पराग/ अमूल व नमस्ते इण्डिया बूथ | 10 X 10 भूमि | 7,080 | 3 वर्ष | रिक्त |
| 2 | राम–राम बैंक चौराहा बस स्टेशन | 1– बिजनेस सेन्टर (फोटो कॉपीयर इत्यादि) | 08X7.6 निर्मित दुकान | 11,800 | 3 वर्ष | रिक्त |
| | | 2– मिल्क पार्लर पराग/ अमूल व नमस्ते इण्डिया बूथ | 08X5.6 निर्मित दुकान | 7,080 | 3 वर्ष | रिक्त |

1– निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथिः 18-05–2025 से 31-05–2025 तक
2– निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथिः 31-05–2025 समय अपरान्ह 14.00 बजे
3– निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथिः 31-05–2025 समय अपरान्ह 15.00 बजे

लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड लखनऊ, की ई–निविदाएं उ0प्र0 सरकार के ई–पोर्टल etender.up.nic.in पर उपलब्ध होने के साथ ही लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की वेबसाईट http://lctsl.co.in/ पर उपलब्ध होंगी।

ई–निविदा में प्रतिभाग करने के संबंध में किसी भी प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए विक्रेता एनआईसी एव एलसीटीएसएल के निम्नलिखित हेल्पलाइन नबरा पर कॉल कर सकते है–

**एनआईसी**
1– 0522–2286809/808
2–0522–4120303/22998813
**एलसीटीएसएल**
1– 7839883853

प्रबन्ध निदेशक
लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट
सर्विसेज लिमिटेड

Scanned with OKEN Scanner

**निविदा प्रक्रिया की मुख्य शर्ते**

1– स्टॉल के संचालन की अवधि 03 वर्ष होगी। स्टॉल के अनुबन्ध की तिथि से एक वर्ष के पश्चात प्रत्येक अगले वर्ष के लिए लाइसेन्स शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि संचालक द्वारा स्वयंमेव की जाती रहेगी।

2– निविदा प्रपत्र को वेबसाईट: etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 500.00 + 90.00 (18 प्रतिशत जी0एस0टी0) कुल धनराशि रू0 590.00 (रूपया पॉच सौ नब्बे) मात्र की धनराशि का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट **"Lucknow City Transport Services Limited"** के पक्ष में बनवाकर कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, चारबाग बस स्टेशन, लखनऊ में अथवा लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के बैंक खाता संख्या 2408002190026866 आईएफसी कोड **PUNB 0240800** पंजाब नेशनल बैंक, लाल बाग शाखा, लखनऊ में निविदा अपलोड किये जाने की अंतिम तिथि के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। आरटीजीएस/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा धनराशि के विवरण निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार अर्नेसटमनी के संबंध में यही प्रक्रिया प्रभावी होगी।

3– निविदादाता दो पार्ट में आमंत्रित की गई है। फर्म द्वारा निविदा की तकनीकी बिड का प्रपत्र स्वहस्ताक्षरित मोहर के साथ एवं अन्य वांछित अभिलेखों तथा वित्तीय बिड **etender.up.nic.in** में अपलोड करना अनिवार्य होगा।

4– स्टॉल की नीलामी का निस्तारण निविदा की औपचरिकताएं पूर्ण करने पर प्राप्त **"अधिकतम लाइसेन्स शुल्क की दर"** के आधार पर किया जायेगा।

5– सफल निविदादाता द्वारा, कार्यादेश जारी होने की तिथि से 07 दिवसों के अन्दर जिलाधिकारी के स्तर से निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त ही अनुबन्ध निष्पादित किया जायेगा।

6– सफल निविदादाता को समस्त औपचरिकताएं नियमानुसार पूर्ण करने तथा अनुबन्ध निष्पादन के उपरान्त कार्यादेश निर्गत कर स्टॉल संचालित करने की अनुमति दी जाएगी।

7– प्राप्त निविदाओं में से अस्वीकृत होने वाली निविदा के साथ जमा की गई अर्नेस्टमनी बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा होने पर सम्बन्धित निविदादाताओं को मूलरूप में वापस कर दी जायेगी। आईजीआरएस के माध्यम से किये गये भुगतान को भी तद्नुसार वापस कर दिया जायेगा।

8– निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक, लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड में निहित होगा।

9– स्टॉल हेतु अधिकतम मासिक लाइसेंस शुल्क के चयनित निविदादाता द्वारा किसी भी कारण से निर्धारित अवधि में अनुबन्ध निष्पादित न कराये जाने की स्थिति में उसकी अर्नेस्ट मनी जब्त कर उसे ब्लैक लिस्ट करने अथवा अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है।

**10– निविदादाता द्वारा स्टाल की अर्नेस्ट मनी हेतु आरक्षित मूल्य का तीन गुने का बैंक ड्राफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से "Lucknow City Transport Services Limited" के नाम/खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। जिसकी प्रक्रिया बिन्दु संख्या 2 में स्पष्ट की जा चुकी है।**

11– अनुबन्ध समाप्त होने पर एक माह के अन्दर नियमानुसार प्रतिभूति धनराशि वापस किये जाने की कार्यवाही की जाएगी।

12– चयनित निविदादाता/स्टाल संचालक को यह अधिकार होगा कि वह अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने के पूर्व ही स्टाल बंद कर सकता है, इसके लिये उसे 3 माह पूर्व नोटिस देनी होगी। यदि संचालक बिना किसी सूचना/नोटिस के स्टाल खाली/बंद करने की कार्यवाही

Scanned with OKEN Scanner

करता है तो प्रतिभूति की राशि जब्त कर ली जायेगी। यदि संचालक 3 माह के नोटिस के उपरांत स्टाल खाली/बंद करता है तो उसके लम्बित देयकों को प्रतिभूति में समायोजित करते हुये अवशेष धनराशि नियमानुसार वापस कर दी जायेगी

13– लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड एवं स्टाल संचालक दोनो के द्वारा 03 माह का नोटिस देकर अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है। नोटिस स्वीकार करने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक, लखनऊ सिटी ट्रान्सपोट सर्विसेज लिमिटेड में निहित होगा।

14– चयनित निविदादाता/स्टॉल संचालक द्वारा अग्रिम रूप से प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अपना लाइसेन्स शुल्क जमा कराया जायगा अन्यथा 10 तारीख के बाद विलम्ब दिवस का आगणन 11वीं तारीख से प्रारम्भ होगा। प्रत्येक विलम्ब दिवस हेतु मासिक शुल्क का 1/20वां भाग आर्थिक दण्ड स्वरूप जमा कराना होगा।

15– संचालक को स्टाल का आवंटन होने के एक माह के भीतर ही अनुबन्ध की कार्यवाही करनी आवश्यक होगी। अनुबन्ध में विलम्ब की दशा में आगामी 10 दिनों में आवंटन की कार्यवाही को स्वमेव समाप्त हुआ मानते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

16– स्टाल जिस हेतु आवंटित होगा उन्हीं वस्तुओं की बिक्री स्टाल पर की जायेगी। स्टाल से विक्रय की जाने वाली किसी भी वस्तु/सेवा को एम0आर0पी0 से अधिक मूल्य पर नहीं बेचा जायेगा। मूल्य सूची का प्रदर्शन स्पष्ट रूप से स्टॉल में लगाया जायेगा।

17– बस स्टेशन परिसर में किसी संज्ञेय अपराध करने/लिप्त पाये जाने की रिपोर्ट प्राप्त होने पर स्टॉल संचालक के विरूद्ध नियमानुसार एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए अनुबन्ध निरस्त किये जाने, प्रतिभूति राशि जब्त किये जाने एवं स्टाल संचालक को **ब्लैक लिस्ट किये जाने की कार्यवाही की जा सकती है।**

18– स्टॉल संचालक स्टाल को किसी अन्य व्यक्ति को सबलेट नहीं करेगा।

19– स्टाल का अनुबन्ध वित्तीय बिड में प्रस्तावित की गयी मासिक लाइसेन्स शुल्क के चार प्रतिशत मूल्य के आगणित धनराशि के स्टैम्प पेपर पर ही तीन वर्षो के लिए किया जायेगा।

20– कैण्टीन/स्टाल का संचालन निर्धारित स्थान पर ही कराना होगा, जो जहाँ जैसा भी है, इसके अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर संचालित कराये जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। उक्त से भिन्न आचरण की दशा में अनुबन्ध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकेगा।

21– स्टॉल संचालन हेतु लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा **केवल भूखण्ड** आवंटित किया जाएगा। आवंटित भूखण्ड पर निर्माण कार्य निविदाकर्ता द्वारा स्वयं के खर्चे पर कराया जाएगा। इस हेतु किसी भी प्रकार की कोई धनराशि लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड द्वारा नहीं दी जाएगी।

22– मिल्क पार्लर हेतु चयनित स्टॉल संचालक द्वारा सम्बन्धित उत्पादक संस्था से स्टॉल आवंटित किये जाने की तिथि से 01 माह के अन्दर सहमति पत्र प्राप्त कर उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। निर्धारित अवधि में सहमति/अधिकार पत्र उपलब्ध न होने पर प्रतिभूति की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

23– मिल्क पार्लर संचालक को सम्बन्धित संस्था द्वारा उत्पादित सामग्री के ही विक्रय की अनुमति होगी।

24– निविदादाता एक अथवा एक से अधिक कैण्टीन/स्टाल हेतु आवेदन कर सकता है। प्रत्येक कैण्टीन/स्टाल के लिए निविदादाता द्वारा पृथक–पृथक रूप में निविदा फार्म, फार्म शुल्क एवं अर्नेस्ट मनी जमा करना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

**तकनीकी बिड हेतु मुख्य शर्ते**

1– ऐसे निविदादाता, जिन्हे पूर्व में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा काली सूची में विनिर्दिष्ट किया गया है, वे निविदा डालने के लिए अर्ह नहीं होगें और उनके निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। **निविदादाता द्वारा काली सूची में न होने का नोटराईज्ड शपथ–पत्र तकनीकी बिड के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।**

2– टेण्डर फार्म का मूल्य रू0 **590.00 जी0एस0टी0 सहित** है। जिस हेतु कुल धनराशि रू0 590.00 (रूपया पॉच सौ नब्बे) मात्र की धनराशि का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट **"Lucknow City Transport Services Limited"** के पक्ष में बनवाकर कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, चारबाग बस स्टेशन, लखनऊ में अथवा लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के बैंक खाता संख्या 2408002190026866 आईएफसी कोड **PUNB 0240800** पंजाब नेशनल बैंक, लाल बाग शाखा, लखनऊ में निविदा अपलोड किये जाने की **अंतिम तिथि के पूर्व मूलरूप में जमा करना अनिवार्य होगा। आरटीजीएस/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा धनराशि के विवरण निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार अर्नेसटमनी के संबंध में यही प्रक्रिया प्रभावी होगी**

3– **आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित प्रति निविदा की तकनीकी बिड के साथ ईपोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।**

4– आरक्षित दर के तीन गुना का अर्नेस्टमनी देय होगी। बिड के उपयुक्त न पाये जाने की दशा में अर्नेस्ट मनी यथावत वापस कर दी जायेगी। अर्नेस्ट मनी की प्रक्रिया के संबंध में स्थिति बिन्दु संख्या 2 में स्पष्ट की गई है।

5– निविदा प्रपत्र/आवेदन प्रारूप तथा तकनीकी बिड के प्रारूप को विधिवत् भर कर अपलोड करने वाले निविदादाताओं की ही निविदा स्वीकार की जायेगी, अस्पष्ट एवं अपूर्ण भर कर अपलोड की गई निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

6– तकनीकी बिड में बिड अपलोड करने वाले का नाम, पता, मोबाईल नम्बर तथा जिस स्टाल हेतु आवेदन किया गया है, का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।

7– लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड कर्मी स्वयं अथवा अपने सगे संबंधी परिवार के सदस्य के नाम से टेण्डर प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकता है। टेण्डर आवंटित होने के पश्चात टेण्डरकर्ता को इस आशय के का शपथ पत्र भी देना अनिवार्य होगा कि उसके परिवार का कोई भी सदस्य लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड में सेवा योजित नहीं है।

**निविदादाताओं की अर्हता से सम्बन्धित प्रपत्र/वाछिंत विवरण**
**(निम्न प्रारूप निविदादाता द्वारा भर कर तकनीकी निविदा के साथ जमा करना होगा)**

| क्र0सं0 | विवरण | कृपया लिखे/संलग्न है अथवा नही |
|---|---|---|
| 1 | बस स्टेशन एवं<br>कैण्टीन/स्टाल का नाम | |
| 2 | टेण्डर फार्म<br>(संलग्न है अथवा नही) | |
| 3 | टेण्डर फीस | आरटीजीएस/डीडी सं0......................<br>दिनांक......................<br>धनराशि......................<br>बैंक का नाम......................<br>...................... |

| क्र0सं0 | विवरण | कृपया लिखे/संलग्न है अथवा नही |
|---|---|---|
| 4 | अर्नेस्ट मनी | आरटीजीएस डीडी सं0............................................<br>दिनांक.............................................................................<br>धनराशि...........................................................................<br>बैंक का नाम.......................................................................<br>.................................................................................... |
| 5 | काली सूची में न होने का नोटराइज शपथ पत्र<br>(संलग्न है अथवा नही) | |
| 6 | आधार कार्ड नं0 एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति (संलग्न है अथवा नही) | |
| 7 | पैन कार्ड नं0 एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति (संलग्न है अथवा नही) | |
| 8 | जिलाधिकारी से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र<br>(संलग्न है अथवा नही) | |
| 9 | निविदा दाता का विवरण | |
| | पूरा नाम | |
| | मोबाइल नम्बर | |
| | ई–मेल आई डी | |
| | पता | |

**वित्तीय बिड की मुख्य शर्ते**

1– सफल निविदादाता द्वारा अपने वित्तीय बिड में प्रस्तावित की गयी मासिक लाइसेंस शुल्क की 03 गुना धनराशि "**Lucknow City Transport Services Limited**" के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से प्रतिभूति के रूप में अनुबन्ध से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। सफल निविदादाताओं की अर्नेस्ट मनी को प्रतिभूति की देय धनराशि में समायोजित किया जायेगा अन्यथा अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट/आईजीआरएस के माध्यम से जमा धनराशि जब्त करते हुए निविदा प्रक्रिया की मुख्य शर्त के बिन्दु संख्या–9 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। आईजीआरएस के माध्यम से धनराशि जमा करने के संबंध में "**Lucknow City Transport Services Limited**' के खाते का विवरण बिन्दु संख्या 2 में स्पष्ट किया जा चुका है।

**प्रबन्ध निदेशक**
लखनऊ सिटी ट्रान्सपोर्ट
सर्विसेज लिमिटेड

Scanned with OKEN Scanner